दिनांकः 22.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सिरोही से किसानों, महिलाओं और श्रमिकों को 15 सौ करोड़ रुपये से अधिक की सौगात देंगें
- खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की सुविधा के लिए जयपुर, भरतपुर और बीकानेर में अनाज एटीएम के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआतं
- प्रदेश में कल मेगा पीटीएम और निपुण मेलों का आयोजन–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में
- जोधपुर और बीकानेर संभाग में आज विभिन्न स्थानों पर मावठ का अलर्ट

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को पांचवीं किस्त जारी करेंगें सिरोही में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में श्री शर्मा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी करेंगें किसान सम्मान निधि के तहत 65 लाख किसानों के बैंक खातों में 653 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगीं वहीं 5 लाख किसानों को फसल खराबे का 327 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया जाएगां

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के तहत आयोजित होने वाले ग्राम उत्थान शिविरों का भी शुभारंभ करेंगें इन शिविरों का आयोजन कल से दो चरणों में गिरदावर सर्किल स्तर पर किया जाएगां प्रदेशभर में 2 हजार 839 शिविर लगाये जाएंगें ग्रामीणों को इन शिविरों की जानकारी देने के लिए आज ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया जा रहा हैं इन शिविरों में कृषि उद्यानिकी, डेयरी, ऊर्जा, उद्योग सहित 12 विभाग भाग लेंगें इसके लिए सभी जिलों में जिला स्तरीय तथा ब्लॉक और पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगां

000

प्रदेश में चलाये जा रहे गिवअप अभियान के तहत अब तक 54 लाख 36 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाया हैं इससे करीब 73 लाख वंचित पात्र व्यक्तियों से जोड़ा गया हैं खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कल जयपुर में एक प्रेसवार्ता में ये जानकारी दीं उन्होंने कहा कि 28 फरवरी के बाद गिवअप नहीं करने वाले अपात्र लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगीं

..............

खाद्य मंत्री ने बताया कि जयपुर, भरतपुर और बीकानेर में अनाज एटीएम के पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा रही हैं इससे खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को राशन की दुकानों के खुलने और बंद होने तथा कतारों में लगने की चिंता से मुक्ति मिलेगीं वे अनाज एटीएम से सीधा राशन ले सकेंगें

000

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य हितधारकों को दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार लाने के लिए चार सप्ताह के भीतर अपनी कार्य योजना पेश करने के निर्देश दिये हैं यह कार्य योजना केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था की ओर से सुझाए गए दीर्घकालिक उपायों पर केन्द्रित होगीं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने **वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग–सी.ए.क्यू.एम.** की रिपोर्ट पर संज्ञान लियां सी.ए.क्यू.एम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की हैं

000

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी यांत्रिक मेधा के सभी पांच स्तरों–ए.आई. आर्किटेक्चर, एप्लीकेशन, मॉडल, चिप, बुनियादी ढांचा और ऊर्जा पर काम कर रहा हैं कल दावोस में विश्व आर्थिक मंच में श्री वैष्णव ने कहा कि भारत वैश्विक एआई सेवाओं की नींव रख रहा हैं श्री वैष्णव ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष प्रमुख के भारत को दूसरे दर्जे की एआई शक्ति बताने वाले बयान को पूरी तरह से खारिज कर दियां स्टैनफोर्ड रैंकिंग के हवाले से उन्होंने कहा कि एआई तैयारियों में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं श्री वैष्णव ने बताया कि भारत में अब लगभग 2 लाख स्टार्टअप हैं

000

प्रदेश में कल मेगा पीटीएम का आयोजन होगां इसमें 65 लाख से अधिक अभिभावकों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया हैं स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि मेगा पीटीएम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में रखा गया हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसकी अध्यक्षता करेंगें इस मौके पर ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना के तहत साढ़े 4 लाख विद्यार्थियों को 53 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगीं इसके साथ ही राज्यभर में 80 हजार बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल दी जाएगीं 3 लाख से अधिक बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं में डीबीटी लाभ मिलेगां इस अवसर पर विद्यालयों में निपुण मेले भी आयोजित किये जाएंगें इनमें बुनियादी साक्षरता से जुड़ी गतिविधियों, शिक्षण मॉडल और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगां

000

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा हैं समारोह में वर्ष 2023–2024 की विभिन्न परीक्षाओं की 75 हजार से अधिक उपाधियों का वितरण किया जाएगां वहीं 90 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगें राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगें उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा तथा महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार भी कार्यक्रम में शामिल होंगीं

000

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड ने जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय को थार क्षेत्र के छह औषधीय पौधों पर अनुसंधान की परियोजना मंजूर की हैं 1 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि वाली इस परियोजना में शंखपुष्पी, अश्वगंधा और गुग्गल की उन्नत प्रजातियां विकसित की जाएंगीं इस पहल के तहत जोधपुर के साथ बाड़मेर, फलौदी और नागौर में भी काम होगां इसमें पश्चिमी राजस्थान के लगभग 2 हजार किसानों को प्रशिक्षित कर बेहतर बाजार उपलब्ध करावाया जाएगां

...............

000

प्रदेश के कुछ स्थानों पर आज से मावठ का अलर्ट हैं एक मजबूत पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखवाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल बीकानेर और शेखावाटी क्षेत्र के साथ जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश हो सकती हैं कहीं–कहीं ओले गिरने के भी आसार हैं

................

000